took place in the Con naught Circus, New Delhi branch of the bank in which two overdrafts were sanctioned against security of 'Kisaa Vikas 'Patras' which were subsequently found to be fake. The CBI have registered a case on 27.8.1998 against three persons involved in the fraud in which loans were availed against 'Kisan Vikas Patras' which were later found to be out of a lot of 'Kisan Vikas Patras' found missing from a railway parcel during transit from Nasik Press to Calcutta. Some arrests have been made. The bank has called for the explanation of the concerned staff and has also issued notices to all its branches/controlling authorities to exercise caution while financing against security of 'Kisan Vikas Patras'.

"इंडियन बैंक्स एमंग टैन मोस्ट करप्ट" शीर्षक से प्रकाशित समाचार

2519. **श्री बरजिंदर सिंह**:
श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान 28 नवम्बर, 1998 के "दि बिजनेस स्टैडर्ड" समाचार –पत्र में "इंडियन बैंक्स एमंग टैंन मोस्ट करप्ट: मौदीज" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी ने भारतीय बैंको के संबंध में अपनी राय प्रकट की है

(ग) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

वित्त मंत्रालय (बैंकिंग , राजस्व तथा बीमा) में राज्य मंत्री (श्री कादम्बूर एम. आर. जनार्दन): (क) जी, हां।

(ख) और (ग) यह समाचार मूडीज इन्वेस्टर सर्विस द्वारा दिनांक 09 अक्टूबर, 1998 को एक सम्मेलन में दिए गए "इम्प्रूविंग ट्रांसपेंरेन्सी इन एशियन बैंकिंग सिस्टम नामक पत्र पर आधारित है। इस पत्र में घटिया पारदर्शिता की भूमिका का पूर्व एशियाई वित्तिय संकट पर पड़ने वाले प्रभाव का परीक्षण किया गया है। पत्र में बताया गया है कि चूंकि पारदर्शिता की कोई सर्वमान्य परिभाषा नहीं है तथा इसकी अवधारणा स्वयं में ही कुछ कुछ विषयपरक रहती है, इसलिए पारदर्शिता के मातात्मक उपाय तैयार करना बहुत मुश्किल है । इसलिए सर्वेक्षण के परिणाम पर एजेंसी द्वारा भरोसा दिलाया गया है जिसमें कई देशों मेंम भ्रष्टाचार की ज्ञात स्तर की मात्रा बताने का प्रयास किया गया है । ये सर्वेक्षण गैर-सरकारी संगठनोम द्वारा किया गया है । प्रत्येक देश की 1 से 10 तक रैकिंग केवल सर्वेक्षणों में भाग लेने वाले व्यावसाइयों की उपलब्धि के आधार पर ही की गई है। किसी देश को तभी भ्रष्टाचाअर सूची में शामिल किया जा सकता है जब कम से कम चार कारक हो । एजेंसी के अनुसार, कथित रूप से यह सूची, विभिन्न देशों की बैंकिंग प्रणाली की पारदर्शिता का उपाय है। पत्र में उल्लिखित एशियाई बैंकिंग प्रणाली मे पारदर्शिता सुधार में कई एशियाई देशों समेत कुछ और देशों को भी संदर्भित किया गया गौ। परन्तु इसमें न तो विशेष रुप से भारत का उल्लेख किया गया है और न ही भारतीय बैंकों का। भारत का उल्लेख केवल परिशिष्ट में है जिसमें 52 देशों की सूची है और उन देशों में ज्ञात भ्रष्टाचार के स्तर को दर्शाता है।

(घ) भारतीय रिजर्व बैंक और सरकार, बैंको के लेखों की पारदर्शिता बढ़ाने के लिए सतत आधार पर कार्रवाई करते रहे है । परिणामस्वरूप, पिछले कुछ वर्षो में कई उपाय किए गए है जिससे बैंको के प्रकटीकरण में पहली की अपेक्षाअ वृद्धि हई है। आय की पहचान और आस्ति वर्गीकरण के लिए उद्देशयपरक मानदंडों के दृढ़ता से लागू किए जाने के कारण बैंकों के परिचालनों और लेखों में अधिक पारदर्शिता आई है।

आर्थिक स्थिती पर विचार करने हेतु परिषदों का गठन किया जाना

2520. **श्री राज मोहिन्दर सिंह**:

श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि विगत माहों के दौरान देश की आर्थिक स्थिति पर विचार करने एवं इस संबंध मे सुझाव देने के लिए दों परिषदों का गठन किया गया था;

(ख) यदि हां, तो क्या दोनों परिषदों को अलग-अलग दायित्व भी सौंपे गये थे ;

(ग़) यदि हां, तो इस संबंधि में तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या इन परिषदों ने अब तक सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है; यदि हां ,तो तंत्संबंधि ब्यौरा क्या है ?

वित्त मंत्री (श्री यशवन्त सिन्हा): (क) से (घ) 27 अगस्त, 1998 और 28 अगस्त, 1998 को सरकार ने प्रधानमंत्री की "आर्थिक सलाहकार परिषद" और "व्यापार तथा उद्योग परिषद" नामक दो परिषदों क गठन किया जिनकी संरचना निम्नलिखि है :

आर्थिक सलाहकार परिषद

अध्यक्ष : प्रधानमंत्री

सदस्य : डा. आई. जी . पटेल

प्रो. पी. एन .धर

डा. मेटिक सिंह आहलुवालिया

डा. अर्जुन सेनगुप्ता

डा. किरिट पारिख

डा. अमरेश बागची

डा. अशोक देसाई

श्री जी. टी. रामाकृष्छ प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव सदस्य सचिव: प्रधानमंत्री के सचिव

व्यापार और उद्योग परिषद

अध्यक्ष: प्रधान मंत्री

सदस्य: श्री रतन टाटा

श्री मुकेश अम्बानी

श्री आर. पी. गोयनका

श्री पी. के. मितल

श्री कुमार मंगलम बिड़ला

श्री सुरेश कृष्णाअ

(टी. वी. एस. समूह)

श्री एन. आर. नारायणमूर्ति

(सूचना प्रौद्योगिकी विशेषाज्ञ)

श्री नुरली वाडिया

श्री ए. सी. मुत्तैयया

डा. परविन्दर सिंह

(उत्तर भारतीय उद्योग जगत के प्रतिनिधि)

प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव

आर्थिक सलाहकार परिषद प्रधानमंत्री और परिषद के सदस्यों के बीव अंतिमहत्वपूर्ण आर्थिक मुद्दों पर नीतीगत विचार-विमर्श के लिए एक अवसर प्रदान करेगी । इसी प्रकार, व्यापार और उद्योग परिषद प्रधानमंत्री और व्यापार था उद्योग परिषद के सदस्यों के बीच व्यापार और उद्योग से संबंधित महत्वपूर आर्थिक मुद्दों पर नीतिगत विचार-विमर्श के लिए एक अवसर प्रदान करना । इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री की व्यापार और उद्योग संबंधी सलाहकार परिषद के तहत छह विशेष संबंधी समूह गठित किए गए है । इन विशेष संबंधी समूहों गठित किए गए है । इन विशेष विषय संबंधी समूहों ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है जिन पर आगे की कार्रवाही के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय में कार्यवाही की जा रही है ।

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फनगर एवं आजमगढ़ जनपदों में बैंको की शाखायें

2521. **श्री मुनव्वर हसन**: क्या वित्त मंत्रि यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश के मुजफ्फनगर एवं आजमगढ़ जनपदों में कार्यरत विभीन्न बैंकों की शाखाओं का ब्यौरा क्या है: और

(ख) अगले दो वर्षो के दौरान दोनों जनपदों मेम किन-किन बैंकों की शाखाए खोली जाएंगी?

वित्त मंत्री (श्री यशवंत सिन्हा): (क) भारतीय रिजर्व बैंक (आर. बी. आई.) द्वारा भेजे गए अनुसार, 30 सितम्बर, 1998 की स्थिति के अनुसार उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर और आजमगढ़ जिलों में कार्यरत अनुसूचित वाणिज्यिक बैकों की शाखाओं का बैंक-वार विवरणं संलग्न है । (**उत्तर देखिए**)

(ख) मुजफ्फरनगर और आजमगढ़ जिलों में शाखाए खोलने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंको को निम्नलिखित प्राधिकार-पत्र जारी किए है:–

जिला	**बैंक**	**केन्द्र**
मुजफ्फरनगर	यूनियन बैंक आफ इंडिया	मुजफ्फरनगर
मुजफ्फरनगर	ओरयिंटल बैक आफ कामर्स	मिरापुर
मुजफ्फरनगर	ओरयिंटल बैंक आफ कामर्स	कैराना
मुजफ्फरनगर	पंजाब नैशनल बैंक	सदर बाजार, मुजफ्फरनगर
आजमगढ़	कैंनारा बैंक	आजमगढ़
आजमगढ़	बैंक आफ इंडिया	आजमगढ़

आधारभूत सुविधाओं आदि के लिए व्यवस्थाओं के होने के पश्चात ही शाखाए खोली जाती है ।